**कक्षा -5 हमारा परिवेश**

**संकलन:-अजय  सिंह**

**प्राथमिक विद्यालय गजोधरपुर**

**सीतापुर**

## पाठ -1 परिवार कल,आज और कल

1-टुइयाँ का परिवार बहुत खुश है,क्यों ? क्योंकि नन्ही बेटी का जन्म हुआ है।

2-शरद के पापा को बैंक से मिले पत्र में क्या लिखा है ? पत्र में लिखा है कि अब उनको दूसरे शहर के बैंक में काम करना है ।

3- उज्मा के परिवार में खुशी का क्या कारण है ? उज्मा के चचेरे भाई की शादी है ।

4- किसके लिये शहर एकदम नया था ? गोपाल के लिये

5- गोपाल किस गांव में रहते थे ? मंसूराबाद

6-हाइवे कहाँ से निकली ? मंसूरा बाद गांव से होकर

## पाठ :-2 मेरा परिवार मेरी प्रेरणा

1-जो लोग देख नही सकते उनके पढ़ने के लिये किस लिपि में किताबें तैयार की जाती है ? ब्रेल लिपि

2-ब्रेल लिपि के जनक कौन है ? लुई ब्रेल

3-लुई ब्रेल किस देश के रहने वाले थे ? फ्रांस के

4-ब्रेल लिपि कितने बिंदुओं पर आधारित है ? छः बिंदुओं पर

5- जो लोग सुन नही सकते उनके लिये क्या इस्तेमाल किया जाता है ? सांकेतिक भाषा

6-कृत्रिम पैर की सहायता से नृत्य करके किसने प्रसिद्धि प्राप्त की ? सुधा चंद्रन ने

7-सुधा चंद्रन का सम्बंध किस नृत्य से है ? भरत नाट्यम

8-रविन्द्र जैन जिन्हें आँखों से दिखाई नहीं देता इनका सम्बन्ध किस क्षेत्र से है ? संगीत के क्षेत्र से

9- तैराकी के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले जिनका एक हाथ भी खराब है कौन है ? शरत गायकवाड़

10-किस तरह के लोगों को सभी पसन्द करते हैं ? ईमानदार लोगों को

आओ हाथ से हाथ मिलायें। बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें।। मिशन शिक्षण संवाद

## पाठ -3 गौरव पुरस्कार

1-घर के अंदर खेले जाने वाले खेल क्या कहलाते हैं ? इनडोर गेम्स

2-इंडोर गेम के उदाहरण बताइये -शतरंज,टेबल टेनिस ,कैरम

3-खेल के मैदान में खेले जाने वाले खेल को क्या कहते हैं ? आउट डोर गेम

4-आउटडोर गेम के उदाहरण बताइये । हॉकी क्रिकेट, फुटबाल आदि

5-कुछ खेल इंडोर और आउटडोर दोनों होते हैं ,नाम बताइये । बैडमिंटन ,टेबल टेनिस

6-विराट कोहली का सम्बंध किस खेल से है ? क्रिकेट

7-विश्वनाथन आनन्द का सम्बंध किस खेल से है ?शतरंज से

8-सरदार सिंह का सम्बंध किस खेल से है ? हॉकी

9-पी टी उषा,बीनामोल,बलसम्मा, रोजकुट्टी का सम्बंध किससे है ?एथलेटिक्स

10-बुला चौधरी का सम्बंध किस खेल से है ?तैराकी से

11-सानिया मिर्ज़ा का सम्बंध किस खेल से है ? टेनिस से

12-अंजू बॉबी जार्ज का सम्बंध किस खेल से है ?लम्बी कूद

13-मैरीकॉम का सम्बंध किस खेल से है ?बॉक्सिंग

14-साइना नेहवाल का सम्बंध किस खेल से है ? बैडमिंटन से

15-साक्षी मलिक का सम्बंध किस खेल से हैं ?कुश्ती

16-महेश भूपति का सम्बंध किस खेल से हैं ? टेनिस से

17-रणजी ट्रॉफी का सम्बंध किस खेल से हैं ? क्रिकेट से

18-सन्तोष ट्रॉफी का सम्बंध किस खेल से है ? फुटबॉल से

19-डेविस कप का सम्बंध किस खेल से हैं ? लॉन टेनिस

20-आगा ख़ाँ ट्रॉफी का सम्बंध किस खेल से है ? हॉकी से

## पाठ :-4 आओ मिलकर खेलें खेल

1-रस्सी कूद ,कुर्सी दौड़,गेंद तड़ी,रस्सा कसी,टच एंड पास,घेरे में टप्पा,खो खो कबड्डी किस प्रकार के खेल हैं ? स्थानीय खेल

2-मेजर ध्यानचन्द का सम्बंध किस खेल से है ? हॉकी से

3-मेजर ध्यानचंद के नेतृत्व में भारतीय टीम ने ओलंपिक में कौन सा पदक जीता ? स्वर्ण पदक

4-पी वी सिंधु का सम्बंध किस खेल से है ? बैडमिंटन से

5-पी वी सिंधु ने रियो ओलंपिक में कौन सा पदक जीता ?रजत पदक

6-सुशील कुमार का सम्बंध किस खेल से है ? भारतीय कुश्ती

7-टेस्ट क्रिकेट मैच में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम महिला भारतीय खिलाड़ी कौन है ?मिताली राज

8-भरतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान कौन हैं ? मिताली राज

9-भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान कौन हैं ? अजय ठाकुर

10-भारत को कबड्डी वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले कप्तान कौन हैं ?अजय ठाकुर

11-हॉकी के खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को भारत मे किस दिवस के रूप में मनाया जाता है ? राष्ट्रीय खेल दिवस

12-हमारे देश का राष्ट्रीय खेल क्या है ? हॉकी

13-पैरा ओलंपिक खेल में दुनियाभर के कौन से खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं ?दिव्यांग खिलाड़ी

14-पैरा ओलंपिक 2016 में शॉटपुट(गोला फेंक) में पदक जीतने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी कौन हैं ? दीपा मलिक

15-दीपा मलिक किन -किन खिलाड़ियों से जुड़ी दिव्यांग भारतीय खिलाड़ी हैं ? ज्वैलीन थ्रो,तैराकी, मोटर रेसलिंग

16-पैरा ओलंपिक में उल्लेखनीय उपलब्धियों के कारण भारत सरकार ने दीपा मलिक को कौन सा पुरस्कार दिया है ? अर्जुन पुरस्कार

17-तमिलनाडु का वह कौन सा खिलाड़ी है जिसने पैरा ओलंपिक 2016 में ऊंची कूद में स्वर्ण पदक जीता ? मरियप्पन थंगा वेलू

18-मरियप्पन थंगा वेलू किस राज्य के हैं ? तमिलनाडु

19-कुछ पारम्परिक खेलों के नाम बताइये । कबड्डी,लट्टू घुमाना, चिभ्भी फोड़,गिल्ली डंडा

20-गीता फोगाट का सम्बंध किस खेल से है ?कुश्ती से

## पाठ -5 जीव जंतुओं की रोचक बातें

1-जीवों में किसकी दृष्टि सबसे अधिक तेज होती है ? पक्षियों की

2-चील ,बाज और गिद्ध मनुष्यों से कितने गुना अधिक देख पाते हैं ? चार गुना

3-कौन से जीव अंधेरे में भी अच्छी तरह से देख सकते हैं ? बिल्ली ,चीता,उल्लू ,तेंदुआ

4-मानव की तरह अलग अलग रंगों को पहचानने में सक्षम जीव कौन है ? बंदर

5-ऐसा पक्षी जिसकी आँखे सामने की ओर होती हैं ? तोता कबूतर

6-सूंघने की क्षमता किस जानवर में बहुत तेज होती है ? कुत्ता में

7-किस जंतु के कान ध्वनि की दिशा में घूम जाते हैं ? खरगोश

8-किन जानवरो के सुनने की शक्ति बहुत अधिक होती है? तेंदुआ ,चीता ,बिल्ली चमगादड़

9-सांप के बाहरी कान होते हैं या नहीं ?नहीं

10-बीन की आवाज सुनकर सांप का नाचना सत्य है या भ्रम ? भ्रम

11-गाय कितने घण्टे सोती है ? 4 घण्टे

12-अजगर कितने घण्टे सोता है? 18 घण्टे

13-जिराफ़ कितने घण्टे सोता है ? 2 घण्टे

14-बिल्ली कितने घण्टे सोती है ? 2 घण्टे

15-छोटा बच्चा कितने घण्टे सोता है ? 14-16 घण्टे

16-वयस्क व्यक्ति के लिये कितने घण्टे की नींद पर्याप्त होती है ?6-8 घण्टे

17-कौन से जीव दिन में सोते हैं उल्लू ,चमगादड़

18-क्या पक्षियों के बाहरी कान होते हैं ?नहीं

## पाठ-6 वन्य जीवों का संरक्षण

1-बोझा ढोने तथा सवारी ढोने का काम करने वाले जंतु का नाम बताइये। बैल -खच्चर ,ऊंट घोड़ा

2-दूध देने वाले जन्तुओ का नाम बताइये । गाय,भैंस ,बकरी भेड़

3-अंडे देने वाले जन्तुओ के नाम बताइये । मुर्गी बत्तख

4-मरे हुए जानवरों की हड्डियों एवं खाल से क्या क्या बनाया जाता है ?जुता ,पर्स ,बटन कंघी

5-ऊन किन जन्तुओ से प्राप्त होता है ? भेड़, ऊंट,याक

-पशु -पक्षियों की कुछ जातियों पूरी तरह समाप्त हो चुकी है इन्हें क्या कहते हैं ?विलुप्त प्रजातियां

7-जीव -जंतुओं की जो प्रजातियां समाप्त होने की कगार पर हैं इन्हें क्या कहते हैं? संकटग्रस्त जातियां

8-डायनासोर ,मेमथ ,लाल पंडा ,डोडो पक्षी ,लाल तोता किस प्रकार की प्रजातियां हैं ? विलुप्त प्रजाति

9-गौरेया ,अफ्रीकन हाथी ,बाघ ,गिद्ध ,साही ,शेर, काला हिरण,बारहसिंगा ,कछुआ किस प्रकार की प्रजातियां हैं ? संकटग्रस्त प्रजातियां

10-पशु -पक्षियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिये किन स्थलों की स्थापना की गई है ? राष्ट्रीय उद्यान एवं वन्य जीव अभ्यारण

11-दुधवा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है ? उत्तर प्रदेश

12-चन्द्र प्रभा वन्य जीव अभ्यारण्य किस राज्य में है ?उत्तर प्रदेश

13-राजा जी राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में हैं ?उत्तराखंड

14-गिर राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है ? गुजरात

15-नन्दा देवी राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है ? उत्तराखंड

16-जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है ? उत्तराखंड

17-काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है ? असम

18-बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है ? मध्यप्रदेश

19-कान्हा किसली अभ्यारण्य किस राज्य में है ? मध्यप्रदेश

20-सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है ?राजस्थान

21-वह बुक जिसमे सभी संकटग्रस्त प्रजातियों के रिकार्ड रखा जाता है क्या कहलाता है ? रेड डाटा बुक

22-विश्व गौरेया दिवस कब मनाया जाता है ? 20 मार्च को

23- हमारा राष्ट्रीय पशु -बाघ

24-बाघ परियोजना (प्रोजेक्ट टाइगर) किस पशु की सुरक्षा के लिये लागू किया गया है ? बाघ की

## पाठ -7 जंगल और जन-जीवन

1-हमारे देश मे लगभग कितने किस्म की लकड़ियां तनों से प्राप्त की जाती हैं ? 4000 से अधिक किस्म की

2-चटाई ,डलिया ,हाथ वाला पंखा ,बांसुरी आदि किससे बनाई जाती है ? बांस के पेड़ों से

3-लाख का कीट किस पौधे पर पाया जाता है ? पलाश व कुसुम के पौधों पर

4-रेशम का कीट किस पौधे पर पाया जाता है ? शहतूत के पौधों पर

5-मानव सभ्यता के आरम्भ में कहां रहता था? जंगलों में

6-जंगली जानवरों से अपनी सुरक्षा के लिये मानव के पास कौन से औजार हुआ करते थे ? पत्थर के औजार

7-आदि मानव वस्त्र के लिये क्या प्रयोग करते थे ? जानवरों की खाल ,पेडों की छाल एवं पत्ते

8-प्रारंभिक मानव की बदु उपलब्धि क्या थी ? आग की खोज

9-मनुष्य के द्वारा प्रथम पालतू पशु कौन था ? कुत्ता

10-सर्वप्रथम खोजी गई धातु का नाम बताइये। तांबा

11-प्रारंभिक मानवों में पहिया का विचार कैसे आया ? पहाड़ो से लुढ़कते हुए लकड़ी के बड़े -बड़े लट्ठों को देखकर

12-आदिवासियों का जीवन पूरी तरह से किस पर निर्भर रहता था? जंगलों पर

13-आदिवासियों को जंगल पर उनका हक़ दिलाने वाला कानून कौन सा है?जंगल अधिकार कानून 2007

14-कम से कम कितने वर्ष रहने पर आदिवासियों को उस जंगल पर हक़ हो जाता है ? 25 वर्ष

15-सरकार ने वनों की रक्षा के लिये कौन सी योजना शुरू की ? सामाजिक वानिकी

16-चिपको आंदोलन की शुरुआत किसने की ? सुंदर लाल बहुगुणा

17-किस आंदोलन के तहत लोग पेड़ों से चिपक कर पेड़ काटने का विरोध करते हैं ? चिपको आंदोलन

18-"लकड़ी,पानी और बयार ,ये है जंगल के उपकार " किस आंदोलन का नारा है ?

चिपको आंदोलन

19-वनों को बचाने के लिये श्री के एम मुंशी द्वारा वन महोत्सव की शुरुआत कब की गई ? 1950 में

20-पहाड़ी इलाके गढ़वाल में लड़के लड़कियों की शादी के अवसर पर पेड़ लगाने की प्रथा शुरू की गई इस प्रथा को क्या कहते हैं ? मैती आंदोलन

21-मैती आंदोलन के तहत विवाह के बाद ससुराल आने पर लड़की मायके की याद में एक पौधा लगाती है। इस वृक्ष को क्या कहते हैं ? मैती वृक्ष

## **पाठ -8 भोज्य पदार्थों का संरक्षण**

1-भोज्य पदार्थ नम या खुले स्थानों पर रखने से खराब क्यों हो जाते हैं ? सूक्ष्म जीवों के कारण

2-सर्दी के दिनों की अपेक्षा गर्मी के दिनों में भोजन जल्दी खराब हो जाता है क्यों ?

तापमान अधिक होने से जीवाणु जल्दी पनपते हैं

3-फल एवं सब्जियों आदि को सुरक्षित रखने के लिये कहाँ रखते हैं ? रेफ्रिजरेटर में

4-पीने के पानी को जीवाणु रहित करने के लिये क्या करते हैं ?उबालते हैं

5-भोज्य पदार्थों को संरक्षित करने के लिये किन रासायनिक पदार्थों का प्रयोग करते हैं ? सोडियम बेंजोएट एवं सिरका आदि

6-दूध को 70℃ तापक्रम पर गर्म कर तुरन्त 0℃ पर ठंडा करने क्या कहलाता है ? पाश्चुरीकरण

7-उपलब्ध भोज्य पदार्थों से भविष्य हेतु संरक्षित करना क्या कहलाता है ? भोज्य पदार्थों का संरक्षण

## **पाठ -9 हम और हमारी फसलें**

1-अन्नदाता किसे कहते हैं ? किसान को

2-जिस मिट्टी के बड़े -बड़े कण हो और बालू की मात्रा अधिक हो वह कौन सी मिट्टी है ? बलुई मिट्टी

3-तरबूज ,खरबूजा और बाजरे के लिये कौन सी मिट्टी उपयुक्त होती है ? बलुई मिट्टी

4-जिस मिट्टी के छोटे -छोटे कण हों एवं बालू की मात्रा भी कम हो ,वह कौन सी मिट्टी है ? चिकनी मिट्टी

5-गेहूँ ,चना ,मटर ,धान के लिये उपयुक्त -चिकनी मिट्टी

6-महीन कण वाली मिट्टी क्या कहलाती है ? सिल्ट मिट्टी

7-गेहूँ ,गन्ना के लिये उपयुक्त मिट्टी -सिल्ट मिट्टी

8-बलुई मिट्टी ,चिकनी मिट्टी तथा सिल्ट मिले जुले हों तो वह मिट्टी क्या कहलाती है ? दोमट मिट्टी

9-धान, कपास,गन्ना के लिये उपयुक्त मिट्टी -दोमट मिट्टी

10- ऋतुओं के आधार पर फसलों को कितने भागों में बांटा गया है ? खरीफ ,रबी और जायद

11-खरीफ की फसल कब बोई जाती है ? जुलाई -अगस्त माह में

12-खरीफ की फसल कब काटी जाती है ? नवंबर में

13-धान ,मक्का ज्वार,बाजरा ,मूंग ,उड़द ,गन्ना ,कपास ,तम्बाकू एवं जुट किस प्रकार की फसलें हैं ? खरीफ की

14-रबी की फसल कब बोई जाती हैं ? नवम्बर में

15-रबी की फसल कब काटी जाती हैं ? अप्रैल में

16-गेहूँ ,जौ, चना ,मटर ,अलसी ,अरहर ,राई ,सरसों ,आलू किस प्रकार की फसल है ? रबी की

17-जायद की फसल कब बोई जाती है ? अप्रैल में

18-जायद की फसल कब काटी जाती हैं ? जुलाई में

19-जायद की फसलों के उदाहरण बताइये । सब्जियां ,ककड़ी ,खरबूजा ,तरबूज

20-वैज्ञानिक विधि द्वारा तैयार किये गए बीज क्या कहलाते हैं ? उन्नतशील बीज

21-जो बीज किसान स्वयं तैयार करते हैं क्या कहलाते हैं ?साधारण बीज

22- किसान जल को अपने खेतों तक पहुंचाने के लिये किन साधनों का प्रयोग करता है ? बेड़ी, ढेकली,मोट (घिरनी ) रहट ,चैनपम्प (यंत्र चालित पम्प)

23-किस पद्धति द्वारा पानी पौधों की जड़ो पर बून्द बून्द पाइप ,वाल्व आदि से डाला जाता है ?टपक पद्धति

24-फल,फूल एवं सब्जी में सिचाई किस पद्धति से उपयुक्त होती है ? टपक पद्धति

25-गेहूं ,मटर आदि की सिचाई किस पद्धति से सही रहती है ? स्प्रिंकलर (फौव्वारा )

26-गोबर की खाद ,कम्पोस्ट की खाद (बेकार साग ,सब्जी,पत्तियां ),नीम की खली खाद,मल मूत्र की खाद ,केंचुए से तैयार खाद वर्मी कम्पोस्ट ) किस प्रकार की खाद है ? जैविक खाद

27-यूरिया ,अमोनियम सल्फेट ,डी ए पी ,जिंक सल्फेट ,क्यूरेट ऑफ पोटाश किस प्रकार की खाद है ? रासायनिक खाद

28-कृषि उत्पादन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन के लिये चलाया गया अभियान क्या कहलाता है ? हरित क्रांति

## पाठ -10 पेड़ पौधों का भोजन

1-सभी जीव -जंतुओं को ऊर्जा किससे मिलती है ? भोजन से

2-जो जीव अपना भोजन स्वयं बनाते है उन्हें क्या कहते हैं ? स्वपोषी

3-स्वपोषी के उदाहरण बताइये । सभी हरे पेड़ पौधे

4-जो जीव अपने भोजन के लिये पेड़ -पौधों एवं अन्य जीव -जंतुओं पर निर्भर रहते हैं,वे क्या कहलाते हैं ? परपोषी

5- पौधों को भोजन बनाने के लिये किस कच्ची सामग्री की आवश्यकता होती है ? जल ,कार्बन डाइऑक्साइड

6-पौधों को भोजन बनाने के लिये किस प्रकाश की आवश्यकता होती है ? सूर्य के प्रकाश

7-पौधे भोजन बनाने की प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड कहाँ से प्राप्त करते हैं ? वायुमंडल से स्टोमेटा के द्वारा ।

8-पौधों में भोजन बनाने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ? प्रकाश संश्लेषण

9-जड़ों के द्वारा अवशोषित अतिरिक्त जल पत्तियों से वाष्प के रूप में बाहर निकलता है । इस क्रिया को क्या कहते हैं ? वाष्पोत्सर्जन

10-पौधे श्वसन की क्रिया किस माध्यम से करते हैं ? पर्णरंध्र( स्टोमेटा ) के द्वारा

11-पौधे श्वसन में कौन सी गैस ग्रहण करते हैं ? ऑक्सीजन

12-पौधे प्रकाश संश्लेषण में कौन सी गैस ग्रहण करते हैं ? कार्बन डाइऑक्साइड

13-पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में कौन सी गैस निकालते हैं ? ऑक्सीजन

14-जो पौधे अपना भोजन मृत एवं सड़े गले पदार्थों से ग्रहण करते हैं क्या कहलाते हैं ? मृतोपजीवी

15-मृतोपजीवी का एक उदाहरण बताइये । कुकुरमुत्ता

16-ऐसे पौधे एवं जंतु जो अपने भोजन के लिये दूसरे जीवित पौधे एवं जंतुओं पर निर्भर रहते हैं ,क्या कहलाते हैं ? परजीवी

17-परजीवी पौधे का उदाहरण बताइये । अमरबेल

18-परजीवी जंतु का उदाहरण बताइये । जूं ,खटमल

19-जो पौधे अपने भोजन की पूर्ति कीट -पतंगों से करते हैं ,क्या कहलाते हैं ? कीटभक्षी पौधे

20-कीटभक्षी पौधे कहाँ पाये जाते हैं ? दलदली भूमि या तालाब के समीप जहाँ नाइट्रोजन की कमी होती है

21-किन्हीं दो कीटभक्षी पौधों के नाम बताइये । वीनस फ्लाई ट्रैप ,निपेन्थीज या घटपर्णी

22- सब्जी खाने वाले जंतु क्या कहलाते हैं ? शाकाहारी

23-मांस -मछली खाने वाले जंतु क्या कहलाते हैं ? मांसाहारी

24-पौधे एवं जंतु दोनों से अपना भोजन प्राप्त करने वाले जंतु क्या कहलाते हैं ? सर्वाहारी

25-भोजन की निर्भरता के आधार पर पौधों से लेकर मांसाहारी जंतुओं तक एक सीधी कड़ी बन जाती है इसे क्या कहते हैं ? खाद्य श्रृंखला

26-हरे पौधे क्या कहलाते हैं ? उत्पादक

## पाठ -11 ऐसे भी होते हैं घर

1-जिन स्थानों पर बारिश होती है वहां किस वस्तु से घर बनाये जाते हैं ? बांस से

2-बर्फ की सिल्लियों के घर को क्या कहते हैं ? इग्लू

3-जो घर लकड़ी के बने होते हैं और नावों की तरह पानी पर तैरते हैं क्या कहलाते हैं ? हाउसबोट

4-चीन में बहुत से लोग नावपर बने घरों में रहते ,खाते-पीते और सोते हैं,आने लिये इसी पर सब्जियां उगाते हैं और मुर्गियां पालते हैं ,इन घरों को क्या कहते हैं ? सामयान

5-पत्थर के घर किन क्षेत्रों में दिखते हैं ? पर्वतीय क्षेत्रों में

6-बिना दीवार के घर कहाँ बनाये जाते हैं ? अमेजन के जंगलों में

हाथ से हाथ मिलायें शैक्षिक शिक्षा का मान बढ़ायें मिशन शिक्षण संवाद

## पाठ-12आपदाएं एवं उनसे बचाव

1-अचानक आने वाले संकट को क्या कहते हैं ? आपदा

2-ऐसी आपदाएं जो प्रकृति जन्य होती हैं क्या कहलाती हैं ?प्राकृतिक आपदाएं

3-भूकम्प ,बाढ़ ,सूखा, लू ,आंधी,तूफान,शीतलहर ,बादल फटना ,वनों में आग लगना ,ज्वालामुखी,भूस्खलन किस प्रकार की आपदाएं हैं ? प्राकृतिक आपदाएं

4-ऐसी आपदाएं जो मानव जन्य होती है ,क्या कहलाती है ? मानव जनित आपदाएं

5-आब,प्रदूषण, अपराध,दंगा, रासायनिक दुर्घटनाये, जनसंख्या विस्फ़ोट ,भीषण रेल दुर्घटना आदि किस प्रकार की आपदाएं हैं ? मानवजनित आपदाएं

6-किस प्राकृतिक आपदा में भूमि कांपने लगती है ? भूकम्प

7-आग बुझाने हेतु किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है ? अग्निशमन यंत्र

8-किसी रिहायशी क्षेत्र का जलमग्न हो जाना क्या कहलाता है ? बाढ़

9-आग लगे हुए स्थान से बाहर कैसे निकले ? रेंगते हुए

10- शरीर के कपड़ो पर आग लवमे पर क्या करें ? लेटकर बार-बार उल्टे-पलटें

11-बाढ़ आने पर कहाँ जाएं? ऊंचे एवं सुरक्षित स्थान पर

12-भूकम्प आने पर बाहर निकलने के लिये किसका प्रयोग करें ? सीढ़ी का प्रयोग

## पाठ -13 जल है तो कल है

1-पेड़-पौधों तथा फसलों को पानी की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? वृद्धि एवं विकास के लिये

2-सिंचाई के परम्परागत स्त्रोत क्या है ? कुआँ ,तालाब

3-कुछ फसलों को अधिक पानी की आवश्यकता होती है ,एक उदाहरण बताइये । धान

4-कुछ फसलों को अपेक्षाकृत पानी की आवश्यकता कम होती है,ऐसी फसलों के उदाहरण बताइये । गेहूं ,चना ,मटर

5-ऐसी फसलों के नाम बताइये जिनमे पानी के साथ साथ तेज धूप भी आवश्यक होता है ? ककड़ी, खरबूजा ,तरबूज

6-भूमिगत जल को हम किस माध्यम से निकालते है ? हैंडपम्प ,ट्यूबबेल,नलकूप

7-सिंचाई के लिये किस विधि का प्रयोग करें जिससे पानी कम खर्च हो ? ट्रिप (टपक) या स्प्रिंकलर (छिड़काव ) विधि

8-सुदर्शन झील का निर्माण किसने करवाया ? चन्द्रगुप्त मौर्य

9-सुदर्शन झील का पुनर्निर्माण किसने करवाया ? सम्राट स्कन्दगुप्त ने

10-सल्तनत काल मे किस शासक ने कुएं और जलाशय का निर्माण करवाया ? फिरोजशाह तुगलक

11-जल की कमी को दूर करने के लिए क्या आवश्यक है ? जल का संचयन एवं पुनर्भरण

## पाठ -14 जल के गुण एवं जल प्रदूषण

1-तरल पदार्थ जैसे पानी ,दूध की माप की इकाई क्या होती है ? लीटर

2-ऐसे पदार्थ जो किसी द्रव डूब जाते हैं क्या कहलाते हैं ? विलेय पदार्थ

3-विलेय पदार्थ जिस द्रव में घुलते हैं क्या कहलाते हैं ? विलायक

4-कुछ पदार्थ ऐसे भी होते हैं जो द्रव में नही घुलते क्या कहलाते हैं ? अविलेय पदार्थ

5- द्रव में किसी पदार्थ के घुलने पर क्या बनता है ? विलयन

6-विलेय पदार्थ के दो उदाहरण बताइये । नमक ,चीनी

7-अविलेय पदार्थो के उदाहरण बताइये । चॉक ,पाउडर ,रेत

8-लकड़ी का बुरादा ,लोहे की छीलन विलेय पदार्थ हैं या अविलेय पदार्थ हैं ? अविलेय पदार्थ

9- कोई भी पदार्थ दाने के रूप में शीघ्रता से घुलेगा त पाउडर के रुओ में ? पाउडर के रूप में

10-विलायक के ताप में वृद्धि करने पर विलेय पर क्या प्रभाव पड़ता है ? विलेय की और अधिक मात्रा घुल जाएगी

11-मोम एवं तारकोल जल में अविलेय परन्तु किस विलयन में विलेय है ? मिट्टी के तेल एवं पेट्रोल में

12-पानी और तेल आपस मे क्यों नही घुलते हैं ? पानी और तेल की प्रकृति विपरीत होती है

13- जल में अवांछनीय पदार्थो जैसे कूड़ा -करकट ,साबुन आदि के मिल जाने से जल पर क्या प्रभाव पड़ता है ? जल प्रदूषित

14-दूषित जल से कौन कौन सी बीमारियां हो जाती हैं ? पेचिस,टायफाइड ,पीलिया ,हैजा

15-पेट मे मरोड़ के साथ बार बार दस्त होना किस बीमारी का लक्षण है ? पेचिस

16-तेज बुखार ,भूख न लगना ,सिर दर्द किस बीमारी का लक्षण हैं ? टायफाइड

17- आंख ,नाखून ,पेशाब का पीला होना किस बीमारी का लक्षण है ? पीलिया

18-ज्यादा और लगातार उल्टी -दस्त होना किस बीमारी का लक्षण है ? हैजा

19- मलेरिया रोग किस मच्छर के काटने से होता है ? मादा एनाफिलीज

20- कुनैन नामक औषधि किस वृक्ष की छाल से प्रॉप्त होता है ? सिनकोना वृक्ष

21-कुनैन औषधि का प्रयोग किस बीमारी में किया जाता है ? मलेरिया

22-डेंगू बुखार किस मच्छर के काटने से फैलता है ? एडीज मच्छर

23-एडीज मच्छर को और किस नाम से जाना जाता है तथा यह कब काटते हैं ? टाइगर मच्छर ,दिन के समय

24-शरीर पर लाल चकत्ते, जोड़ों में दर्द ,ठंड के साथ तेज बुखार किस बीमारी के लक्षण हैं ? डेंगू

25-चिकनगुनिया रोग किसके द्वारा फैलता है ? चिकनगुनिया विषाणु द्वारा

26-चिकनगुनिया विषाणु (वायरस) किस मच्छर के काटने से फैलता है ? एडीज मच्छर

28- कुएं के पानी मे कौन सी दवा डालकर पीने योग्य बनाया जाता है ? लाल दवा (पोटैशियम परमैंगनेट

## **पाठ -15 यात्रा**

1-पेट्रोलियम को कई चरणों मे ठंडा करने से एक चरण में  कौन सा ईंधन बनता है ? डीजल

2-ट्रैक्टर किस ईंधन से चलता है ? डीजल

3-C. N.G. का पूरा नाम क्या है ? कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (संपीडित प्राकृतिक गैस )

4-सी एन जी के अवयव बताइये। मीथेन ,इथेन ,प्रोपेन

5- सी एन जी की विशेषता बताइये - रंगहीन ,गंधहीन ,एवं हवा से भी हल्की

6- सी एन जी का उपयोग किन वाहनों में किया जा सकता है ? डीजल तथा पेट्रोल इंजन दोनो वाहनों में

## **पाठ-16 बीज ही बीज***

1-एक बीज वाले फलों के उदाहरण बताइये । आम बेर ,जामुन

2-अनेक बीज वाले फलों के उदाहरण बताइये । इमली ,पपीता ,अमरूद ,टमाटर

3-अनाज के वे दाने जिनका प्रयोग अगली फसल के लिये किया जाता है वे क्या कहलाते हैं ? बीज

4-पानी मे डालने पर जो बीज ऊपर आ जाते हैं,वे बीज क्या कहलाते हैं ? खराब बीज

5-क्या खराब बीज भी अंकुरित होते हैं ? नहीं

6-बीज के बाहरी आवरण को क्या कहते हैं ? बीजचोल

7-बीजचोल के हटाने पर दो हल्के पीले रंग की संरचनाएं होती हैं उन्हें क्या कहते हैं ? बीजपत्र

8-बीजपत्रों को खोलने पर जो संरचना दिखाई देती है ,क्या कहलाती है ? भ्रूण

9-भ्रूण का निचला सफेद भाग मुलांकुर कहलाता है पर ऊपरी सफेद भाग क्या कहलाता है ? प्रांकुर

10-मुलांकुर से क्या बनता है ? जड़

11-प्रांकुर से क्या बनता है ? तना

12- बीजों के अंकुरण के लिये क्या आवश्यक है ? हवा,पानी तथा ,उचित ताप

13- बीजों से नन्हें पौधे का बनना क्या कहलाता है ? बीज का अंकुरण

## पाठ -17 विश्व मे भारत

1-पृथ्वी का गेंद जैसा गोल आकार का लघु प्रतिरुप क्या कहलाता है ? ग्लोब

2- ग्लोब पर अनेक रंग-बिरंगी आकृतियां क्या दिखाती हैं ? पृथ्वी पर महाद्वीपों एवं महासागरों को

3-ग्लोब का अधिकांश भाग नीले रंग से रंगा दिखायी देता है यह भाग क्या प्रदर्शित करता है ? पृथ्वी पर जलराशियों या महासागरों को

4-हमारी पृथ्वी के कितने प्रतिशत भाग पर जल है ? 71% भाग पर

5-हमारी पृथ्वी के कितने प्रतिशत भाग पर स्थल है ? 29% भाग पर

-पृथ्वी पर कितने महासागर है ? 5

7-सबसे बड़ा एवं गहरा महासागर कौन सा है ? प्रशांत महासागर

8-प्रशांत महासागर सम्पूर्ण पृथ्वी के कितने भाग पर फैला है ? लगभग एक तिहाई भाग पर

9-प्रशांत महासागर का सबसे गहरा भाग कौन सा है ? मेरियाना गर्त ( लगभग 11 किमी गहरा )

10-पांचों महासागरों के नाम बताइये । हिन्द महासागर ,प्रशांत महासागर ,अटलांटिक महासागर ,आर्कटिक महासागर,अंटाकर्टिका महासागर

11- पृथ्वी पर कितने महाद्वीप हैं ? सात

12-सबसे बड़ा महाद्वीप कौन सा है ? एशिया महाद्वीप

13-विश्व की सर्वोच्च पर्वत की चोटी का क्या नाम है ? माउंट एवरेस्ट (8848 मीटर)

14-एशिया में विश्व की कितनी प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है ? 59%

15-सामान्यतः आस-पास के उठे धरातल को क्या कहते हैं ? पर्वत

16 -पर्वत साधारणतः समूह में पाये जाते हैं इन्हें क्या कहते हैं ? पर्वत श्रेणी

17-पहाड़ियों की ऊंचाई ज्यादा होती है या पर्वत की ? पर्वत की

18-पृथ्वी पर तुलनात्मक रूप से उठे चौरस भाग क्या कहलाते हैं ?पठार

19-एटलस ,यूराल,आल्प्स, रॉकीज ,एंडीज ,हिमालय क्या है ? पर्वत श्रेणी

20-किस महाद्वीप के अधिकांश भाग पठारी है ? अफ्रीका महाद्वीप

21- सातों महाद्वीपों के नाम बताइये । एशिया ,अफ्रीका ,यूरोप ,उत्तरी अमेरिका ,दक्षिणी अमेरिका ,ऑस्ट्रेलिया ,अंटाकर्टिका

22-विश्व की सबसे लंबी नदी कौन सी है ? नील नदी

23-भारत के पड़ोसी देशों के नाम बताइये । चीन ,अफगानिस्तान पाकिस्तान ,नेपाल ,भूटान ,म्यामांर ,बांग्लादेश , श्रीलंका एवं मालदीव है

24-भारत का कौन सा भाग तीनों ओर समुद्र से घिरा है ? दक्षिणी भाग

25 -भारत के पश्चिम में कौन से देश हैं ? पाकिस्तान ,अफगानिस्तान

26-भारत के उत्तर में कौन से देश हैं ?चीन,नेपाल ,भूटान

27-भारत के पूर्व में कौन सा देश है ? बांग्लादेश

28-भारत के दक्षिण में कौन सा देश है ? श्रीलंका

29-भारत मे कुल कितने राज्य हैं ? 29

30-भारत मे कुल कितने केंद्रशासित प्रदेश हैं ? 7

31-प्राकृतिक संरचना के आधार पर भारत को कितने भागो में बांटा गया है ? पांच भागो में

32-भारत को जिन पांच भागों में बांटा गया है ,उनके नाम बताएं ।उत्तर का पर्वतीय भाग,उत्तर का विशाल मैदान,दक्षिण के पठार,थार का मरुस्थल ,तटीय मैदान एवं द्वीपसमूह

33-उत्तर के पर्वतीय भाग का विस्तार कहाँ से कहाँ तक है ? जम्मू एवं कश्मीर से अरुणांचल तक

34-हिमाचल पर्वत माला किन तीन समानांतर पर्वत श्रेणियों से मिलकर बना है ? हिमालय या हिमाद्री ,हिमांचल या मध्यहिमालय ,शिवालिक

35-उत्तर के मैदानी भाग में बहकर आने वाली अधिकांश नदियों का उदगम स्थल कहाँ हैं ?हिमालय

36-उत्तर का विशाल मैदान ,इसका क्षेत्र कहां से कहाँ तक है ? पंजाब से असम तक

37-थार का मरुस्थल किस राज्य में है ? राजस्थान

38-थार के मरुस्थल में जगह जगह रेत के टीले दिखाई देते हैं ये क्या कहलाते हैं ? बालू का स्तूप (सैंड ड्यून )

39-रेगिस्तान का जहाज किसे कहते हैं ? ऊंट को

40-रोजवुड ,महोगनी,रबड़,ताड़, बांस ,आबनूस ,नारियल किन वनों के वृक्ष हैं ? सदाबहार वन

41-पतझड़ या पर्णपाती वनों को क्या कहते हैं ? सदाबहार वन

42-समुद्र के किनारे दलदली भागों एवं नदियों के डेल्टा में पाये जाने वाले वन क्या कहलाते हैं ? डेल्टाई या वेलांचली वन

43-सुंदरी वृक्ष किन वनों में पाया जाता है ? सुंदर वन

44-वेलांचली या डेल्टाई वनों का विस्तार सर्वाधिक किस राज्य में है ? पश्चिम बंगाल

45-सिनकोना वृक्ष किन वनों में पाया जाता है ? दक्षिण भारत के पर्वतीय वनों में

## **पाठ-18 भारतीय संविधान तथा शासन व्यवस्था**

1-संविधान सभा के अध्यक्ष कौन थे ? डॉ राजेंद्र प्रसाद

2-संविधान सभा की प्रारुप समिति के अध्यक्ष कौन थे ? डॉ भीमराव अंबेडकर

3-भारतीय संविधान बनने में कितना समय लगा ? 2 वर्ष 11 माह 18 दिन

4-भारतीय संविधान कब लागू किया गया ? 26जनवरी 1959

5-गणतंत्र दिवस कब मनाया जाता है ?26 जनवरी को

6-भारतीय संविधान में नागरिकों को कितने मौलिक अधिकार दिये गए हैं ? 6

7-भारतीय संविधान में मूल कर्तव्यों की संख्या कितनी है ? 11

8-संविधान के अनुसार वोट या मत डालने की न्यूनतम आयु कितनी है ? 18 वर्ष

9-केंद्रीय सरकार के कितने अंग है ? तीन अंग

कार्यपालिका,व्यवस्थापिका ,न्यायपालिका

10-व्यवस्थापिका का क्या कार्य है ? कानून का निर्माण करना

11-भारत की केंद्रीय व्यवस्थापिका को क्या कहते हैं ? संसद

12- संसद किससे मिलकर बनती है ? राष्ट्रपति ,लोकसभा, राज्यसभा

13-उच्च सदन कौन सा है ? राज्य सभा

14-निम्न सदन कौन सा ह ? लोकसभा

15-लोकसभा के सदस्य कितने वर्ष के लिये जनता द्वारा चुने जाते हैं ?5 वर्ष के लिये

16-राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षो का होता है? 6 वर्ष का

17-हर दो वर्ष में राज्यसभा  के कितने सदस्य सेवानिवृत्त होते हैं ? एक तिहाई

18-लोकसभा एवं राज्यसभा के सदस्यों को क्या कहते हैं ? सांसद

19-केंद्रीय कार्यपालिका का प्रमुख कौन होता है ? राष्ट्रपति

20- देश का प्रथम नागरिक कौन होता है ? राष्ट्रपति

21-राष्ट्रपति का कार्यकाल कितने समय का होता है ? 5 वर्षो का

22-राष्ट्रपति को कौन-कौन लोग चुनते हैं ? लोकसभा ,राज्यसभा एवं विधानसभा के निर्वाचित सदस्य

23-प्रधानमंत्री की नियुक्ति कौन करता है ? राष्ट्रपति

24-कार्यपालिका किससे मिलकर बनती है ? राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं अन्य मंत्री

25- संसद  जो कानून बनाती है ,उसे किसके द्वारा लागू किया जाता है ? कार्यपालिका

26-देश की जल ,थल एवं वायु सेना का सर्वोच्च सेनापति कौन होता है ? राष्ट्रपति

27-राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है ? उपराष्ट्रपति

28-देश का सबसे बड़ा न्यायालय क्या कहलाता है ? सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट)

29-सर्वोच्च न्यायालय कहाँ है ? नई दिल्ली

30-सर्वोच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायधीशों की नियुक्ति कौन करता है ? राष्ट्रपति

31- उत्तर प्रदेश का उच्च न्यायालय कहाँ स्थित है ? इलाहाबाद

32-इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक खण्डपीठ कहाँ है ? लखनऊ

33-जिला स्तर जो न्यायालय होते है वे क्या कहलाते हैं ? जिला न्यायालय

34-जिला न्यायाधीश की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ? राज्यपाल द्वारा

## पाठ -19 राष्ट्रीय एकता

1-राष्ट्रीय पर्व कौन -कौन से हैं? स्वतंत्रता दिवस ,गणतंत्र दिवस ,2 अक्टूबर (गांधी जयंती)

2-स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है ? 15 अगस्त को

3-गणतंत्र दिवस कब मनाते हैं ? 26 जनवरी को

4-गाँधी जयन्ती कब मनाई जाती है ? 2 अक्टूबर को

5-हमारा देश कब स्वतंत्र हुआ ? 15 अगस्त 1947 को

6-हमारा संविधान कब लागू हुआ ? 26 जनवरी 1950 को

-गाँधीजी का पूरा नाम क्या था ? मोहनदास करम चन्द गाँधी

8-हमारा राष्ट्रीय ध्वज क्या है एवं इसमे कितने रंग हैं ? -तिरंगा झंडा

9-राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर कौन सा रंग है ? केसरिया

10राष्ट्रीय ध्वज में बीच में कौन सा रंग है ? सफेद

11-राष्ट्रीय ध्वज में सबसे नीचे कौन सा रंग है ? हरा

12-24 तीलियों वाला नीला चक्र राष्ट्रीय ध्वज की किस पट्टी में पाया जाता है ? सफेद पट्टी में

13-राष्ट्र गान क्या है ? जन गण मन

14- राष्ट्र गान की रचना किसने की है ? रविंद्र नाथ टैगोर

15-राष्ट्र गान को गाने में कितना समय लगता है ? 52 सेकंड

16-हमारे देश का राष्ट्रीय गीत -वन्दे मातरम

17-राष्ट्र गीत की रचना किसने की ? बंकिमचन्द्र चटर्जी

18-राष्ट्रीय पशु -बाघ

19-राष्ट्रीय पक्षी-मोर

20-राष्ट्रीय पुष्प -कमल

21-राष्ट्रीय चिन्ह- अशोक चक्र

22--हमारे देश की स्थल सीमा कितने किमी लम्बी है ?15500 किमी

23-हमारे देश की समुद्री सीमा कितने किमी लम्बी है ? 7500 किमी

24रक्षा मंत्रालय का मुखिया कौन होता है ? रक्षा मंत्री

25-देश के अंदर अशांति और असुरक्षा से निपटने के लिये पुलिस बल का नाम बताइये । केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल

26--कुछ अर्धसैनिक बलों के नाम बताइये । सीमा सुरक्षा बल (B S F),असम राइफल्स ,तट रक्षक बल

27-देश की सुरक्षा संकट में हो तो आपातकाल की घोषणा कौन कर सकता है ? राष्ट्रपति